NCERT Solutions for Class 7th: पाठ 16

NCERT Solutions for Class 7th: पाठ - 16 भोर और बरखा (कविता) हिंदी वसंत भाग-II

- मीराबाई

पृष्ठ संख्या: 120

प्रश्न अभ्यास

कविता से

1. 'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यार', 'लाल जी', कहते हुए यशोदा किसे जगाने का प्रयास करती हैं और वे कौन-कौन सी बातें कहती हैं?

उत्तर

'बंसीवारे ललना', 'मोरे प्यार', 'लाल जी', कहते हुए यशोदा अपने पुत्र श्रीकृष्ण को जगाने का प्रयास करती हैं। वे कहतीं हैं कि रात बीत गयी है, सुबह हो गयी है, सभी के दरवाजें खुल चुके हैं। गोपियाँ दही से मक्खन निकाल रही हैं जिससे उनके कंगन बज रहे हैं, उन्हें सुनो। दरवाजे पर देव और मानव सभी तुम्हारी प्रतीक्षा में खड़े हैं, ग्वाल-बाल भी शोर मचा रहे हैं और जय-जयकार कर रहें हैं, उनके हाथ में माखन रोटी लेकर गाएँ चराने के लिए तुम्हारी प्रतीक्षा कर रहें हैं।

2. नीचे दी गई पंक्ति का आशय अपने शब्दों में लिखिए - 'माखन-रोटी हाथ मँह लीनी, गउवन के रखवारे।'

उत्तर

प्रस्तुत पंक्ति का आशय यह है कि गायों के रखवाले ग्वाल-बालों के हाथ में माखन और रोटी है।

3. पढ़े हुए पद के आधार पर ब्रज की भोर का वर्णन कीजिए।

ncrtsolutions.in

उत्तर

पद के आधार पर ब्रज में भोर होते ही सभी घरों के किवाड़ खुल जाते हैं। गोपियाँ दही मथना शुरू कर देती हैं जिससे उनके कंगन खनकने की आवाज़ होती है। ग्वाल-बाल गायें चराने के लिए तैयार होने लगते हैं।

4. मीरा को सावन मनभावन क्यों लगने लगा?

उत्तर

मीरा को सावन मनभावन इसलिए लगा क्योंकि यह मौसम मीरा को श्रीकृष्ण के आने का अहसास कराता है।इसमें प्रकृति बड़ी सुहावनी होती है इसलिए मन में उमंग भर जाती है।

5. पाठ के आधार पर सावन की विशेषताएँ लिखिए।

उत्तर

सावन में प्रकृति मनोहारी दृश्य प्रस्तुत करती है। चारों तरफ बादल फैल जाते हैं, गरजते हैं और बिजली चमकती है। इस मौसम में मनभावन वर्षा होती है जिससे सभी प्रसन्न हो जाते हैं। गर्मी में कमी आती है और ठंडी हवाएँ बहती हैं।

पाठ से आगे

1. मीरा भक्तिकाल की प्रसिद्ध कवयित्री थीं। इस काल के दूसरे कवियों के नामों की सूची बनाइए तथा उनकी एक-एक रचना का नाम लिखिए।

उत्तर

कवि - उनकी रचना

सूरदास - सूरसागर

रसखान - प्रेम वाटिका

परमानंद - परमानंदसागर

तुलसीदास - रामचरितमानस

ncrtsolutions.in

2. सावन वर्षा ऋतु का महीना है, वर्षा ऋतु से संबंधित दो अन्य महीनों के नाम लिखिए।

उत्तर

आषाढ़ और भादो

पृष्ठ संख्या: 121

भाषा की बात

1. कृष्ण को 'गउवन के रखवारे' कहा गया है। जिसका अर्थ है गौओं का पालन करनेवाला। इसके लिए एक शब्द दें।

उत्तर

गोपाला

2. नीचे दो पंक्तियाँ दी गई हैं। इनमें से पहली पंक्ति में रेखांकित शब्द दो बार आए हैं, और दूसरी पंक्ति में भी दो बार। इन्हें पुनरुक्ति (पुन:उक्ति) कहते हैं। पहली पंक्ति में रेखांकित शब्द विशेषण हैं और दूसरी पंक्ति में संज्ञा।

'नन्हीं-नन्हीं बूँदन मेहा बरसे'
'घर-घर खुले किंवारे'
इस प्रकार के दो-दो उदाहरण खोजकर वाक्य में प्रयोग कीजिए और देखिए कि विशेषण तथा संज्ञा की पुनरुक्ति के अर्थ में क्या अंतर हैं?
जैसे - मीठी-मीठी बातें, फूल-फूल महके।

उत्तर

विशेषण पुनरुक्ति

नए-नए - कल मैंने नए-नए कपडे पहने थे।

ठंडे-ठंडे - समोसे बड़े ठंडे-ठंडे हैं।

ncrtsolutions.in

संज्ञा पुनरुक्ति

गली-गली - मैंने उसे गली-गली ढूंढा।

नगर-नगर - आजकल नगर-नगर छापेमारी चल रही है।

ncrtsolutions.in